कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 12.05.2026

"खोए मोबाइल मिले, चेहरों पर लौटी खुशी – सीसीटीएनएस टीम का सराहनीय कार्य"

जनपद फतेहपुर में गुम/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत CEIR पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर फतेहपुर पुलिस द्वारा कुल 132 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग ₹ 20 लाख) बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

उक्त अभियान के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए CEIR पोर्टल के माध्यम से जनपदीय सीसीटीएनएस टीम एवं समस्त थानों की सीसीटीएनएस टीम को गुमशुदा/खोए मोबाइल फोनों की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में टीमों द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वित प्रयास किए गए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जनपद, गैर-जनपदीय क्षेत्रों एवं अन्य राज्यों से विभिन्न कंपनियों के कुल **132 मोबाइल फोन** बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 12.05.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, फतेहपुर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिमन्यु मांगलिक द्वारा बरामद मोबाइल फोनों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।
मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थियों ने फतेहपुर पुलिस के इस त्वरित एवं प्रभावी कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

बरामदगी-

132 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन अनुमानित कीमत **लगभग ₹20 लाख रुपये** ।

थानों का विवरण-

1. थाना कोतवाली – 09
2. थाना मलवां – 08
3. थाना हुसैनगंज – 02
4. थाना बिंदकी – 19
5. थाना कल्यानपुर – 04
6. थाना बकेवर – 05
7. थाना जहानाबाद – 04
8. थाना औंग – 05
9. थाना खागा – 11
10. थाना खखरेरू – 03
11. थाना सुल्तानपुर घोष – 04
12. थाना किशनपुर – 04
13. थाना धाता – 03
14. थाना थरियांव – 06
15. थाना असोथर – 10
16. थाना हथगांव – 05
17. थाना राधानगर – 08
18. थाना जाफरगंज – 02
19. थाना गाजीपुर – 11
20. थाना ललौली – 01
21. थाना चांदपुर – 08

मोबाइल सेट बरामद करने वाली टीम के नाम

A- जनपदीय सीसीटीएनएस टीम ।

B- समस्त थानों की सीसीटीएनएस टीम ।